भारतीय जनता पार्टी

केन्द्रीय कार्यालय
11, अशोक रोड, नई दिल्ली
फोन–23005700 फैक्स. 23005787

नई दिल्ली 15 जनवरी 2014– ''मिशन सुशासन'' के संकल्प एवं लक्ष्य के साथ भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिष्द की तीन दिवसीय बैठक 17 जनवरी 2014 से शुरू होगी।

भाजपा उपाध्यक्ष श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने बताया कि 17 जनवरी से राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक होगी एवं 18 और 19 जनवरी को रामलीला मैदान में राष्ट्रीय परिषद होगी, 17 जनवरी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक एवं एन0डी0एम0सी कन्वेन्शन सेन्टर में प्रातः 11 बजे से शुरू होगी, जबकि राष्ट्रीय परिषद 18 जनवरी को रामलीला मैदान में प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगी एवं 19 जनवरी को सायंकाल तक चलेगी।

श्री नकवी ने बताया कि 18 एवं 19 जनवरी को होने वाली राष्ट्रीय परिषद में राष्ट्रीय पदाधिकारी, राष्ट्रीय कार्यसमिति एवं राष्ट्रीय परिषद के सभी सदस्य शामिल होगें, बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के राष्ट्रीय संयोजक– सह–संयोजक, सभी सांसद, विधायक, प्रदेशकें के पदाधिकारी, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं महामंत्री, प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक, सभी जिलों के अध्यक्ष व महामंत्री, मेयर, डिप्टी मेयर, पार्षद दल के नेता, नगर पालिका अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष–उपाध्यक्ष एवं लोकसभा क्षेत्रों के संयोजक एवं पालक भाग लेगें।

श्री नकवी ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी एवं राष्ट्रीय परिषद में देश के सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक, राष्ट्रीय सुरक्षा–आन्तरिक सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी, आने वाले लोकसभा चुनाव श्री नरेन्द्र मोदी के **नेतृत्व में** ''मिशन सुशासन'' की सफलता हेतु रणनीति पर भी विस्तृत चर्चा होगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह के अध्यक्षीय उद्दबोधन से कार्यकारिणी एवं परिषद का शुभारम्भ होगा।

श्री नकवी ने बताया कि पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री लाल कृष्ण आडवाणी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार श्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा मे विपक्ष के नेता श्रीमती सुषमा स्वराज, राज्यसभा के विपक्ष नेता श्री अरूण जेटली, श्री मुरली मनोहर जोशी, श्री एम0 वेकय्या नायडू, श्री नितिन गड़करी सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, श्रीमती वसुन्धरा राजे सिंधीया, डा0 रमन सिंह, श्री मनोहर पर्रीकर बैठक में उपस्थित रहेंगें।

श्री नकवी ने बताया कि पिछले दिनों तीन राज्यों के विधाानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार विजय एवं लोकसभा चुनाव में पूरे देश में भाजपा एवं श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति लोगों के विश्वास एवं समर्थन को ''मिशन सुशासन'' में बदलले के लक्ष्य एवं संकल्प के साथ यह बैठक हो रही है। आज देश में कांग्रेस के कुशासन एवं करप्शन के खिलाफ क्रान्ति का माहौल है लोग भाजपा एवं श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में ''एक भारत–श्रेष्ठ भाारत'' के लक्ष्य को पूरा करने वाली सरकार एवं प्रधानमंत्री चाहते है।

श्री नकवी ने बताया कि 18 एवं 19 को होने वाली राष्ट्रीय परिषद में पूरे देश से लगभग दस हजार प्रतिनिधि भाग लेगें, जिसमे आन्ध्र प्रदेश से लगभग 600, अन्डमान–निकोबार से लगभग 50, अरूणाचल प्रदेश से लगभग 95, असम से 250, बिहार से लगभग 500, छत्तीसगढ़ से लगभग 300, दादर नगर हवेली से लगभग 40, दमन–द्वीप लगभग 35, दिल्ली से लगभग 260, गोवा से लगभग 60, गुजरात से 750, हरियाणा से लगभग 200, हिमाचल प्रदेश से लगभग 200, जम्मू–कश्मीर से 195, झारखण्ड से लगभग 250, कर्नाटक से लगभग 450, केरला से लगभग 140, लक्ष्यद्वीप से लगभग 30, मध्य प्रदेश से लगभग 900, महाराष्ट्र से लगभग 700, मणीपुर से लगभग 12, मेघालय से लगभग 30, मिजोरम से लगभग 18, नागालैण्ड से लगभग 20, उड़ीसा से 275, पांडिचेरी से लगभग 50, पंजाब से लगभग 250, राजस्थान से लगभग 650, सिक्किम से लगभग 30, तामिलनाडु से लगभग 270, त्रिपुरा से 30, उत्तर प्रदेश से 1200, उत्तराखण्ड से 270, पश्चिम बंगाल से लगभग 226 प्रतिनिधि परिषद की बैठक में भाग लेगें।

इजि. अरुण कुमार जैन)
कार्यालय सचिव